आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 15.04.2022

आरेडिका में मनायी गई डा. अम्बेडकर जी की 131वीं जयंती

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में आज दिनांक 15.04.2022 को भारत रत्न डा. भीम राव अम्बेडकर जी की 131 वीं जयंती का आयोजन प्रशासनिक भवन के संगोष्ठी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरेडिका के प्रधान वित सलाहकार श्री जे.एन.पाण्डे द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं अम्बेडकर जी की फोटो प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान वित सलाहकार श्री जे.एन.पाण्डे ने अम्बेडकर जी के त्याग, जीवन संघर्षों एवं दलितोद्धार के लिए किए गये कार्यों पर प्रकाश डाला और लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने एवं अपने जीवन में उन आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया।

आगे इसी क्रम में अधिकारियों , कर्मचारियों , एससी / एसटी एसोसिएशन, एवं विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधियों ने अम्बेडकर जी की फोटो पर पुष्पांजली कर बाबा साहब के जीवन से संबंधित बहुमूल्य जानकारी को साझा किया।

श्री सुभाष मीना, श्री सुनील कुमार, श्री ओम प्रकाश मौर्या ,श्री रोहित मिश्रा, श्री नैव सिंह, श्री सुशील गुप्ता और तेजपाल सिंह आदि ने बाबा सहाब के जीवन उद्‌देश्यों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

15/4/2022
(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी